हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 सितंबर 2025

04 एनपीके खाद पर भी मिले सब्सिडी...




08 नर्मदा किनारे ग्राम सर्रा में राजपूत दलित परिवार के...





## खबर संक्षेप

### उपन्यास का लोकार्पण आज एसएटीआई में

**विदिशा।** डॉ. कमल चतुर्वेदी का दूसरा उपन्यास और नदी लौट आई का लोकार्पण समारोह आज रविवार को सुबह 11.30 बजे से एसएटीआई कॉलेज में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एसके जैन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे दिलीप झा संगम, डॉ. कुंकुम गुप्ता और गोविंद मौजूद रहेंगे।

### राजस्व विषयों पर वीडियो कॉफ्रेन्स 17 को होगी

**विदिशा।** बुधवार 17 सितंबर को राजस्व और अन्य विषयों पर चर्चा विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शाम 4 बजे से शुरू होगी। वीडियो कॉफ्रेन्स के माध्यम से जिन विभागों की बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी उनमें श्रम विभाग के सचिव द्वारा जारी अर्द्ध शासकीय पत्र तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तर पर की कार्रवाई से अवगत होंगे।

### माताओं के लिए फीडिंग रूम का शुभारंभ किया

**विदिशा।** कुटुंब न्यायालय के नजदीक सत्र न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों ने शनिवार को फीडिंग रूम का शुभारंभ किया। जिला न्यायालय परिसर में चल रही लोक अदालत के दौरान कुटुंब न्यायालय में कई महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आती हैं हाईकोर्ट के निर्देश के बाद विदिशा में भी एक कक्ष महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया। जहां छोटे बच्चों को उनकी माताएं दूध पिला सकती हैं। इसे फीडिंग रूम नाम दिया गया है। सत्र एवं जिला न्यायाधीश ने इस कक्षा का शुभारंभ किया।

### विदिशा ने जीते पदक राजगढ़ दूसरे नंबर पर

**विदिशा।** साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में 69 वीं थांगता संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग संतोष चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके जैन, संस्था के अध्यक्ष अतुल शाह, प्रबंध समिति से डॉ. कुशाग्र दीक्षित, प्रमोद व्यास, साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा, साकेत एमजीएम के प्राचार्य बिभाष रंजन पाल,तथा प्रशांत रघुवंशी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विदिशा, भोपाल, सीहोर एवं राजगढ़ जिलों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विदिशा ने सबसे ज्यादा पदक जीते व राजगढ़ दूसरे स्थान पर रहा।

### दिव्यांगता स्केनिंग शिविर 16 से शुरू

**विदिशा।** जिले में 16 सितम्बर से 23 अक्टूबर तक दिव्यांगता स्केनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बासौदा में 16 सितम्बर को शिविर आयोजित किया गया है। 19 सितम्बर को ग्यारसपुर के जनपद पंचायत में, 22 सितम्बर को नटेरन जनपद पंचायत में, 24 सितम्बर को जनपद व नगर परिषद कुरवाई का संयुक्त शिविर कुरवाई के आजीविका भवन में आयोजित किया गया है। सिरोंज में शिविर 26 सितम्बर को लगाया जाएगा।

---

### निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने जताई नाराजगी

# डेढ़ साल से रुका बाउंड्रीवाल व शौचालय निर्माण का कार्य, डीपीसी व इंजीनियर का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर एवं स्कूल शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी शशि मिश्रा के अलावा डीपीसी, समस्त बीईओ, बीआरसी व निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने वाले इंजीनियर्स मौजूद रहे।

कलेक्टर गुप्ता ने समय पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने को अति गंभीरता से लेते हुए उन्होंने डीपीसी तथा इंजीनियर का वेतन रोकने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान ज्ञात होने पर उन्होंने ऐसे इंजीनियर जिनके द्वारा तय अवधि के पहले निर्माण कार्यों को पूरा कराया गया है उनको शाबाशी देते हुए उन्हे अन्य विकासखंडों के निर्माण कार्य सौपें जाने के निर्देश जिपं सीईओ को दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि समय पर निर्माण कार्य पूर्ण होने से स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से निजात मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल जहां बच्चों की संख्या कम है और पूर्व में कोई निर्माण कार्य प्रस्तावित है तो उसे वहां न कराकर आवश्यकता के अनुसार ऐसे स्कूलों में कराए जहां छात्रों की संख्या अधिक है और कमरे कम हैं। उन्होंने बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य, शौचालय के निर्माण कार्य व मरम्मत संबंधी कार्य पिछड़े डेढ़-दो वर्षो से लंबित होने पर गहन असंतोष जाहिर करते हुए संबंधितों पर कर्रवाई करने के निर्देश मौके पर दिए है।




**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर गुप्ता।

कलेक्टर ने कहा कि हरेक स्कूल का एक ही बैंक खाता हो। उन्होंने कहा कि संज्ञान में लाया गया है कि मध्यान्ह भोजन, निर्माण कार्य तथा अन्य मदों के अलग अलग खाते स्कूल शिक्षा समिति के द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इस प्रकार की पुर्नवृत्ति न हो कि एक ही स्कूल परिसर में स्वीकृत दो निर्माण कार्यों के खाते अलग-अलग न हो। उन्होंने एसएमसी के द्वारा संचालित खातों की जानकारी ली। इस प्रकार के 421 खाते स्कूलों के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। इन खातों को बंद करने के निर्देश देते हुए एक ही सिंगल खाता संचालित करने की प्रक्रिया क्रियान्वित कराने हेतु ताकीद किया गया है। अब जो भी खाते स्कूलों के खुलेंगे उन खातों के लिए जिपं सीईओ से अनुमति प्राप्ति के बाद ही खोलने के निर्देश लीड बैंक आफीसर को दिए गए हैं। जिपं सीईओ ओपी सनोडिया ने बताया कि पिछले वर्ष शौचालयों के मरम्मत कार्यों राशि जारी की गई थी किन्तु अभी भी शत प्रतिशत उपरोक्त कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं।

---

### कलेक्टर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की

# समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम व राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों के माध्यम से होने वाले कार्यों की मानिटरिंग करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यक्षेत्र के स्कूलों, छात्रावासों, राशन दुकानों में आने वाली समस्याओं को हल करने की पहल करें। कलेक्टर ने बैठक में नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, पीएम किसान ई-केवायसी, डिजिटल क्राप सर्वेक्षण, भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सर्पदंश प्रकरणों के भुगतान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो। इधर इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने मक्का भी लगाई है, लेकिन समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए मक्का के पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान है।

### निराकरणों पर विशेष जोर देने के लिए कहा

कलेक्टर ने समीक्षा के साथ-साथ बैंकों के आरआरसी प्रकरणों में वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान की फसल समर्थन मूल्य पर विक्रय करने उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। इन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। राजस्व अधिकारी इन केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। समीक्षा बैठक में भू-राजस्व, उपकर, शाला उपकर, प्रीमीयम भू-भाटक, अन्य मदों की वसूली, लक्ष्य प्राप्ति के लिए तहसीलवार कार्ययोजना, राहत राशि का वितरण इत्यादि के अलावा क्रियान्वित विभिन्न अभियानों के अंतर्गत स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्रेशन फसल गिरदावरी, आयोग, जन शिकायत, जन सुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम के लंबित प्रकरणों के निराकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

---

# प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पांच साल की सजा

### शासकीय अभिभाषक हिम्मत सिंह कुशवाह ने घटना प्रमाणित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने प्राण घातक हमला करने वाले शेखपुर गांव निवासी आरोपी अभिषेक गुर्जर 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

13 फरवरी की शाम 7 बजे अभिषेक गुर्जर ने धर्मेंद्र यादव को आम वाली कॉलोनी में समाधि के पास फरसा मार दिया था। जिसकी रिपोर्ट तरुण राजपूत ने सिविल लाइन थाने में की। पुलिस ने अभिषेक गुर्जर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। डॉक्टर द्वारा गंभीर व प्राण घातक चोट होना बताया गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा घटना को प्रमाणित पाते हुए आरोपी अभिषेक गुर्जर को अपराध का दोषी पाते हुए न्यायालय 5 साल के कठोर कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थ दंड से एवं धारा 25 आर्मस एक्ट में 2 वर्ष के कारावास एक हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

### गुरू तेग बहादुर साहिब की कीर्तन यात्रा आज विदिशा आएगी

**विदिशा।** गुरू तेग बहादुर साहिब की शहीदी नगर कीर्तन यात्रा आज रविवार को सुबह 11 बजे कपूर पैराडाइज पूरनपुरा पहुंचेगी। जहां शब्द कीर्तन कथा विचार उपरांत दोपहर 12 बजे लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब भाई मतिदास, भाई सतीदास व भाई दिआला जी के 350 वर्षीय शताब्दी शहीदी और गुरु गोविंद सिंह के 350 साला शताब्दी गुरिआयी दिवस को समर्पित असम के घोबड़ी साहिब गुरुद्वारा से यह यात्रा प्रारंभ हुई। जो रविवार को विदिशा आएगी। कपूर गार्डन में शब्द कीर्तन कथा विचार उपरांत 12 बजे से लंगर सेवा रखी गई है। गुरूनानक गुरू द्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी से शहीदी नगर कीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# 2 बाइक सहित 10 नग सागौन जब्त की

### लकड़ी तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले

### लकड़ी चुराने चोरी की बाइकों का किया जा रहा है उपयोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लटेरी दक्षिण वन परिक्षेत्र की टीम ने शुक्रवार देर रात कोटरा और शमशाबाद रोड पर दबिश देकर अवैध रूप से परिवहन की जा रही सागौन की लकड़ी जब्त की। कार्रवाई के दौरान दो बाइक पर लदी 10 नग अवैध सागौन की लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपए है। वन विभाग के अनुसार लकड़ी तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तस्करी में उपयोग की जाने वाली बाइकें चोरी की हो सकती हैं।



### ग्रामीण बोलेः बाइक से तस्करी कर रहे आरोपी

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लटेरी क्षेत्र में अवैध कटाई और लकड़ी की तस्करी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तस्करों ने जंगल के भीतर कच्चे रास्ते बना लिए हैं, जिनके जरिए वे बाइक से गहरे जंगल तक पहुंचते हैं और पेड़ों की कटाई कर सागौन बाहर निकालते हैं। यदि इस पर शीघ्र प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया गया तो भविष्य में लटेरी का जंगल समाप्त होने की कगार पर पहुंच सकता है।

### 15 वाहनों की जांच कर 86 हजार जुर्माना वसूला



**विदिशा।** आरटीओ अधिकारी गिरजेश वर्मा ने शनिवार को सागर रोड तथा बसस्टैंड पर वाहनों की जांच की। कार्रवाई के दौरान यात्री वाहनों, स्कूल बसों तथा स्कूल के बच्चों का परिवहन करने वाले ऑटो रिक्शा की जांच की गई। निरीक्षण दौरान 20 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाकर 15 वाहनों से शमन शुल्क 86 हजार 500 रुपए वसूल किए गए। 5 वाहन को जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया है।

### अंकित पैथालॉजी लैब को मलेरिया अधिकारी ने लिखा चेतावनी भरा पत्र

**विदिशा।** जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर टीआर शर्मा ने अंकित पैथालॉजी लैब को चेतावनी भरा पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि अंकित पैथालॉजी द्वारा मलेरिया की गलत रिपोर्ट भेजी जा रही है। गूगल सीट पर मलेरिया की पॉजिटिव रिपोर्ट शून्य बताई जा रही है जबकि मरीजों को लैब द्वारा पॉजिटिव रिपोर्ट दी जा रही है। यह एक गंभीर लापरवाही है। लैब संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों की मलेरिया की जांच पॉजिटिव पाए जाने पर उस मरीज का संपूर्ण विवरण, नाम, पता मोबाइल नंबर, जांच की स्लाइड मलेरिया कार्यालय में भेजें। जिससे उनका विषय विशेषज्ञों द्वारा क्रास चैक कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि शहर की कई पैथालॉजी लैब पर इस तरीके से कार्य किया जा रहा है। पिछले तीन सालों से मलेरिया का कोई मरीज नहीं मिला है।

# चुनाव में 212 वोटों से विजय होकर जिलाध्यक्ष बने मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शनिवार को मप्र पटवारी संघ विदिशा के चुनाव हुए। तिरुपति गार्डन में हुए चुनाव में मनोज बघेल को 309 मत मिले और उनके प्रतिद्वंदी सुनील श्रीवास्तव को महज 97 मत ही प्राप्त हो सके।

3 मत निरस्त हुए। कुल 409 मत डाले गए थे। 212 वोटों से मनोज बघेल ने चुनाव जीता और पटवारी संघ विदिशा के जिलाध्यक्ष बने। मप्र पटवारी संघ के इतिहास में पूरे प्रदेश में पहली बार प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचन हुआ। जिसमें 541 वोटरों को शामिल किया गया। जिसमें से 409 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उक्त निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी गोविंद चौधरी जिला अध्यक्ष रायसेन एवं उनकी टीम के द्वारा निर्विवाद निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराया। यह जानकारी तहसील सचिव विपुल बाबू शर्मा ने दी है।

### सिविल लाइन पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग को खोज निकाला

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही नाबालिग को खोजकर परिजनों को सौंप दिया। 12 सितंबर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई। लगातार खोजबीन एवं प्रयासों से 24 घंटे में गुलाबगंज जोड़, सागर हाईवे बाईपास क्षेत्र से नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया।


### कुरवाई पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिका को खोजा

**विदिशा।** 29 जून को थाना कुरवाई में फरियादी ने उसकी 14 वर्षीय पुत्री के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरवाई पुलिस ने मामला दर्ज कर थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गीते के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं पारंपरिक माध्यमों का उपयोग करते हुए सतत प्रयास किए और परिणामस्वरूप 11 सितंबर को गुमशुदा बालिका को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंप दिया है।

# 316 घरों में किया सर्वे 11 में लार्वा मिला

### घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, गमले और टंकियों की करें जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जिला मलेरिया अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा विदिशा शहरी क्षेत्र के बंटी नगर, बाल विहार एवं मुखर्जीनगर में डेंगू लार्वा सर्वे किया गया।

11 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया जिसे कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया। टीम के द्वारा डेंगू के लार्वा को नष्ट करने वाली गम्बुसिया मछली छोटे पानी के जलस्त्रोतों में डाली गई एवं लोगों को डेंगू से बचाव की आवश्यक जानकारी दी गई। जनसमुदाय से अपील है की वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, गमले, टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें।

मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे।तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्त्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जांच कराएं।

### पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी दबोचा, तलवार जब्त

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेश चिढ़ार उम्र 40 वर्ष निवासी पुरनपुरा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने जब आरोपी को दबोचा तो उसके पास से एक तलवार भी मिली है।

### लोडिंग वाहन ने दोपहिया वाहन चालक को मारी टक्कर, चालक ने घायल को अस्पताल छोड़ा

**विदिशा।** सब्जी मंडी के नजदीक शनिवार को एक लोडिंग वाहन ने दो पहिया वाहन चालक को टक्कर मार दी। टक्कर में स्वर्णकार कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय चंद्रप्रकाश बलेचा के सिर में गंभीर चोट आई। लोडिंग वाहन चालक घायल को जिला अस्पताल तक छोड़ गया। जिला अस्पताल में घायल का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने घायल बयानों दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस लोडिंग वाहन चालक का पता लगाने में जुट गई है।

---

## नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से सुलझे पारिवारिक विवाद

# लोक अदालत में दंपती का आपसी विवाद सुलझाः फरवरी से मायके रह रही थी, अब ससुराल लौटेगी पत्नी, समझौते में तय हुआ मासिक खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शनिवार को आयोजित लोक अदालत में हजारों की संख्या में समझौते योग्य प्रकरण रखे गए। कई का समझौते के आधार पर मौके पर ही निराकरण भी हुआ। एक मामले में पति-पत्नी के बीच चल रहा वैवाहिक विवाद सुलझ गया। दोनों पक्षों ने राजीनामा कर साथ रहने का निर्णय लिया। पत्नी फरवरी 2025 से मायके में रह रही थी।

पति ने कई बार उन्हें वापस लाने की कोशिश की। पत्नी का कहना था कि पति और उसके परिवार से तालमेल नहीं बन पाने के कारण वह ससुराल में नहीं रहना चाहती थी। वहीं पति का आरोप था कि पत्नी वैवाहिक कर्तव्यों का पालन नहीं कर रही है। न्यायाधीशों और परामर्शदाताओं की समझाइश के बाद दोनों पक्ष मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हो गए। समझौते के तहत पति हर महीने पत्नी को एक निश्चित राशि देगा, जिसे वह स्वयं खर्च कर सकेगी।

लोक अदालत में विद्युत विभाग, जलकर और संपत्तिकर सहित अन्य मामलों का भी निपटारा किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर समाज में शांति और पारिवारिक सौहार्द कायम करना है।



### 2959 प्रकरणों का आपसी सुलह से हुआ निराकरण

प्रधान न्यायाधीश शेख सलीम, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आशुतोष मिश्रा, विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा ने शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा अधिवक्ता, सचिव राजेन्द्र सिंह दांगी अधिवक्ता, सहित पक्षकार मौजूद रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 35 खंडपीठों का गठन किया गया। जिसमें आपराधिक शमनीय प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, राजस्व प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत, जल एवं संपत्तिकर संबंधी प्रकरणों, बीएसएनएल तथा बैंकों के वसूली से संबंधित निराकरण हेतु कुल 23161 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिनमें 2959 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

### संचालक ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डाक्टर पीएस पटेल ने शनिवार को गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉली क्लीनिक, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला, जिला कार्यालय, पशु औषधालय कुआंखेड़ी, पशु चिकित्सालय गुलाबगंज, श्री कृष्ण गौशाला एरन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत चारा ब्लॉक इकाई हथियाखेड़ा, बकरी प्रजनन इकाई, सेमी ई.सी ब्रायलर इकाई तथा कनक बिहारी गौशाला गमाखर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालक ने विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर बल दिया तथा संबंधित संस्थाओं के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और कृत्रिम गर्भाधान के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम जोगी किर्रोदा निवासी मोहित कुशवाह अपने साथी कृष्णकांत बैरागी और नंदू परिहार के साथ भैंस देख रहा था। तभी गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर विदिशा-अशोकनगर हाईवे के पास एक खेत मालिक ने अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर हाई वोल्टेज करंट फैला रखा था। जिसकी चपेट में मोहित कुशवाह और उसके दो साथी आ गए। मोहित को तुरंत उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय ले



जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। अन्य दो बच्चों को करंट का झटका लगा जिन्हें घर लाकर आराम कराया गया। जब ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन और विद्युत वितरण कंपनी को सूचना दी। उसके बहुत देर बाद पुलिस बल वहां पहुंचा। घटना के बाद पुलिस प्रशासन की लापरवाही से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने विदिशा-अशोकनगर हाईवे पर लगभग 2 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने शुरुआत में मामले में ढिलाई बरती।

उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम खत्म किया। परिजनों और ग्रामीणों ने लिखित में अपनी माँगें रखी और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह फिर से चक्काजाम करेंगे। चक्काजाम के दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि अंबानगर चौकी के अधिकारियों की सेवा समाप्त की जाऐं, लापरवाह विद्युत अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। खेत मालिक पर भी जानबूझकर खेत के चारों तरफ करंट फैलाने पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों के ग्रामीण मौजूद रहे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने एसपी रोहित काशवानी को दी। जिस पर एसपी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### कई घंटे बिजली प्रदाय रहा बंद



**गंजबासौदा।** शनिवार को बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के कारण कुछ क्षेत्रों में कई घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली कंपनी के अनुसार सिटी सेंटर, त्योंदा रोड, मंडी, लाल पठार और पचमा क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस फीडर पर मरम्मत का कार्य किया गया। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी गई। ज्ञात हो कि विद्युत विभाग द्वारा शहर में लगातार मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। इसके कारण प्रतिदिन लगभग 4 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। निरंतर होने वाली बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी से मेंटेनेंश के नाम पर की जा रही बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

### गौशाला में लगाए गए एग्जॉस्ट फैन



**गंजबासौदा।** नगर के समीपस्थ ग्राम बनवा में नगरपालिका द्वारा बनवाई गई अस्थाई गौशाला में इन दिनों सैकडों गौवंश को रखा गया है। जहां उनके लिए घास, भूसा आदि की व्यवस्था की गई है। गौशाला में रहने वाले गौवंश को मच्छरों से बचाव एवं हवा का प्रवाह तेज बना रहे इसके लिए एग्जॉस्ट फैन लगवाए गए हैं। ताकि गौवंश को मच्छर, मक्खी आदि से परेशान ना होना पड़े।

### गौशाला में फल, सब्जी भेंट की



**गंजबासौदा।** शनिवार को फल एवं सब्जी मंडी के थोक एवं फुटकार विक्रेताओं द्वारा नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में गौमाता के लिए फल, सब्जी भेंट की गई। जिन्हे नपा के वाहनों से गौशाला पहुंचाया गया।

# नाबालिग बालिका के अपहरण के प्रयास से नगरवासियों में दहशत



**गंजबासौदा।** नगर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह कभी भी, कहीं भी किसी भी घटना को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। हाल ही में एक स्कूल ऑटो चालक द्वारा नाबालिग लड़की के साथ की गई घटना से नागरिकों का गुस्सा शांत नहीं हुआ था। अब दूसरी घटना सामने आई है इस बार लड़की की समझदारी के कारण वह अपने आपको अज्ञात व्यक्ति के चंगुल से छुड़ाकर पास के ही एक घर में छुप गई। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 15 निवासी दो नाबालिग बहनें शाम के समय कोचिंग से अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने एक नाबालिक लड़की के मुंह पर हाथ रखा और उसकी चोटी पकड़कर उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, दूसरी बहन डर के कारण वहां से भाग गई। नाबालिग बालिका ने साहस दिखाते हुए विरोध किया और अपने आप को अज्ञात व्यक्ति के चंगुल से छुड़ाकर हवेली के पास एक घर में छुपा लिया। बाद में उसने अपने पिता को फोन कर पूरी घटना बताई। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और सूचना देहात थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुँची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। मस्जिद के बाहर लगे कैमरे में अज्ञात व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस अन्य कैमरों के माध्यम से भी संदिग्ध की पहचान करने में जुटी है।

## प्रकरण समाधान में 2 करोड़ 59 लाख से अधिक का समझौता शुल्क मिला

# नेशनल लोक अदालत में निपटे 1112 प्रकरण,1506 पक्षकार हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को राज्य द्विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में नवीन न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें रखे गए 8591 प्रकरणों में से 1112 प्रकरण निराकृत हुए और समझौता शुल्क के रूप में 2 करोड 59 लाख रूपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई। इस लोक अदालत में कुल 1506 पक्षकार लाभांवित हुए।





लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश, हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ संजीव चौहान एवं अन्य अधिवक्तागण व कर्ममारीगण उपस्थित रहे। उक्त लोक अदालत में बैंक प्रीलिटिगेशन के 2964 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 18 प्रकरणो का निराकरण हुआ एवं 1095328 रुपये (दस लाख पिन्च्यानये हजार तीन सौ अठाईस रूपये) की समझौता राशि प्राप्त हुई। वहीं विद्युत प्रीलिटिगेशन के 2150 प्रकरणों में से 212 प्रकरण निराकृत हुये और 12,82,000 रूपये (बारह लाख बयासी हजार रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। नगर पालिका के 2200 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 598 प्रकरण निराकृत हुये है और 1179124 रूपये (ग्यारह लाख उन्यासी हजार एक सौ चौबीस रुपये) की समझौता रागि प्राप्त हुई। दूरसंचार विभाग के 210 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिसमें से 6 प्रकरण निराकृत हुये और 17000 रूपये (सत्रह हजार रूपये) की समझौता राशि प्राप्त हुई। न्यायालय की विभिन्न खंडपीठों में कुल 1067 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये थे जिसमें से 281 प्रकरणों का निराकरण किया गया और कुल 2,23,30,934 रुपये (दो करोड तेईस लाख तीस हजार नौ सौ चौतीस) की समझौता राशि प्राप्त हुई। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल रखे गये प्रकरण 8591 जिसमें से कुल 1112 निराकृत हुए तथा सनझौता राशि 2,59,04386 (दो करोड उन्सठ लाख चार हजार तीन सौ छयासी) रूपए की समझौता राशि प्राप्त हुई एवं कुल 1506 पक्षकार लाभान्वित किये गये।

लोक अदालत के दौरान सभी मामलों का निराकरण आपसी समझाइश से किया गया। इनमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामले भी शामिल रहे। मामलों के निराकरण के बाद न्यायाधीशों ने पक्षकारों को पौधे भी भेंट किए।

## सत्यम बघेल का MPPSC में चयन




**गंज बासौदा।** ग्राम मलकपुर निवासी कृषक तुलाराम बघेल के पुत्र सत्यम बघेल ने अपने परिश्रम और लगन से एक बार फिर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2024 में उनका चयन जिला कोषालय अधिकारी के पद पर हुआ है। इस नियुक्ति के साथ ही वे प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। यह सत्यम बघेल की दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पूर्व वर्ष 2022 की राज्य सेवा परीक्षा में उनका चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर हुआ था। वर्तमान में वे नीमच जिले में इसी पद पर कार्यरत हैं और अपनी कुशलता एवं ईमानदार कार्यशैली से विभाग में विशेष पहचान बना चुके हैं। किसान परिवार के सत्यम की सफलता उनकी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि संघर्ष ही सफलता की सबसे बड़ी पाठशाला है और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। सत्यम बघेल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर सहित पूरे जिले में उनके चयन को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। सत्यम का कहना है कि नौकरी पाना ही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी के साथ समाज और देश की सेवा करना ही असली उद्देश्य है। उनकी यह सोच और उपलब्धियाँ आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

## निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर जांच की



**गंजबासौदा।** कृषि विभाग के सहायक संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर द्वारा निजी उर्वरक विक्रेता न्यू भावसार एजेंसी, किसान एजेंसी, राधे ब्रदर्स और कुंदनमल दीपक कुमार ओसवाल फर्म का निरीक्षण किया और विक्रेताओं को यूरिया 267 रू और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी के मान से विक्रय करने, साथ ही यूरिया और डीएपी उर्वरक के साथ अन्य सामग्री कृषक की स्वेच्छा के आधार पर ही विक्रय किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि विकासखंड में रबी फसल के लिए यूरिया 9000 मी, टन, डीएपी 8500 मी टन और एनपीके 4500 मी टन की मांग की गई है। इसके बदले अभी तक रबी फसल के लिए यूरिया 4500 मीट्रिक टन, डीएपी 2500 मीट्रिक टन और एनपीके 2500 मीट्रिक टन की आवक हो चुकी है। साथ ही फसल बुवाई की तैयारी के लिए निरंतर उर्वरक की आवक हो रही है। विकासखंड में कुल 1 लाख 2000 हेक्टेयर फसल बोने योग्य रकबा है। जिसमें गेहूं की फसल 60000 हेक्टेयर और शेष 40000 हेक्टेयर में चना, मसूर, सरसों व अन्य फसलों की बुवाई की जाती है।

## 'स्वरूप का बार-बार चिंतन करने से मन शुद्ध होता है'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

छैल बिहारी मंदिर में रामायण भागवत का चतुर्थ दिवस पर पंडित केशव गुरु ने कहा मनुष्य का अपना मंगल कार्य ही विघ्नकर्ता होता है किसी और का नहीं प्रत्येक कार्य का आरंभ मंगलाचरण से करो। भागवत में तीन मंगलाचरण हैं। प्रथम स्कंध में व्यास देव का द्वितीय स्कंद में सुखदेव जी का और समाप्ति में सूत जी का सैया में सोया हुआ, मनुष्य पाप अधिक करता है। प्रभाव के समय मंगलाचरण करो मध्यान्ह में मंगलाचरण करो रात में सोने से पहले मंगलाचरण करो धीमहि व्यास जी ने ध्यान करते हुए कहा कि एक ही स्वरूप का बार-बार चिंतन करो मन को प्रभु के स्वरूप में स्थिर करो एक ही स्वरूप का बार-बार चिंतन करने से मन शुद्ध होता है।

परमात्मा के किसी भी स्वरूप को इष्ट मान कर उसका ध्यान करो मंगला चरण के अंत में परम सत्य का ध्यान सत्यम परम धीमहि देखो कृष्ण परम धीमहि नहीं लिखा है। रामं परम धीमहि भी नहीं लिखा है शिवम परम धीमहि भी नहीं लिखा है। सत्यम परम धीमहि भी नहीं लिखा है क्या लिखा है सत्यम परम धीमहि परम सत्य का हम ध्यान करते हैं। कृष्ण परम धीमहि यदि लिखते तो कृष्ण भक्तों को लगता कि केवल हमारे लिए है। यह ग्रंथ राम परम धीमहि लिख देते, तो राम के भक्त दावा करते शिवम परम धीमहि ही लिखते तो शिवभक्त यह समझने की भूल करते कि केवल हमारे लिए बनाया गया है। यह ग्रंथ शक्तिम परम धीमहि लिखते तो शक्ति को भजने वाले यह समझने की भूल करते कि केवल हमारे लिए है। इसलिए किसी संप्रदाय विशेष में अवध्ध नहीं किया है। श्रीमद् भागवत को और लिखा है सत्यम परम धीमहि इस बात का आशा है कि भगवान सबके हैं। इस प्रकार सभी को समझाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे एवं भागवत के प्रधान यजमान भगवान स्वरूप माथुर एवं भागवत कथा समिति के सभी सदस्य सम्मिलित रहे और सभी ने भागवत की आरती की।

## एनएसयूआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम संतोष बिटोलिया को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने छात्राओं की सुरक्षा और बढ़ते नशा कारोबार को लेकर चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया है कि गंजबासौदा में छात्राओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। हाल ही में एक पांच वर्षीय नाबालिग के साथ ऑटो चालक ने दुष्कर्म किया। इसके बाद शासकीय गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा को प्रोफेसर ने अश्लील संदेश भेजकर परेशान किया। गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, ग्यारसपुर और त्योंदा में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई नहीं की तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी। संगठन ने मांग की है कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाए जाएं और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### किसानों की मांगों को लेकर भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

# एनपीके खाद पर भी मिले सब्सिडी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को भारतीय किसान संघ ने एसडीएम संतोष बिटोलिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 8 प्रमुख मांगें रखीं। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पारदर्शिता की मांग की गई है। संगठन ने जिले की शॉर्टफॉल रिपोर्ट में वास्तविक उपज और थ्रेस होल्ड उपज की जानकारी मांगी है। रिमोट सेंसिंग के बजाय फसल कटाई प्रयोग को फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

कृषि उपज मंडियों में समर्थन मूल्य पर खरीद-बिक्री के लिए आधुनिक मानक परीक्षण मशीनें लगाने की मांग की है। ट्रैक्टर-ट्रॉली का तौल 10 टन वाले कांटे से करने और 24 घंटे कैमरे की निगरानी की भी मांग की गई है। भारतीय किसान संघ ने सोयाबीन, धान, मक्का, ज्वार और बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी का प्रस्ताव रखा गया है। पिछले दो माह से रासायनिक उर्वरकों की कमी को लेकर चिंता जताई गई है। एनपीके खाद पर भी डीएपी जैसी सब्सिडी की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ ने कहा कि अतिवृष्टि और वायरस से हुए फसल नुकसान का मुआवजा दिया जाए, कृषि यंत्रों पर अनुदान बढ़ाने और जंगली पशुओं से फसल सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग पर अनुदान दिया जाए, किसान कल्याण योजनाओं की निगरानी के लिए जिला स्तर पर किसान प्रतिनिधि समिति बनाई जाए, भारतीय किसान संघ के एफपीओ को खाद-बीज लायसेंस दिए जाएं और मालवन फेडरेशन को नवीन एफपीओ की निर्माण एजेंसी बनाया जाए।

## सुभाष निकेतन में हुआ कवि सम्मलेन




**गंजबासौदा।** सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी एवं माय स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने हिंदी और रष्ट्रभक्ति की कविताएं सुनाई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में सभी कवियों का स्वागत, सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में संचालन एवं प्रस्तावना रखते हुए कवि आशीष दुबे द्वारा कहा गया कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी, संस्कृति एवं राष्ट्रीय धरोहर, परंपरा पर गर्व होना चाहिए और उनके सम्मान के लिए हमेशा सजग रहना चाहिए। सैनिकों के द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठाने वाले लोगों को जवाब देते हुए कवि आशीष दुबे द्वारा सैनिकों के सम्मान में कविता, होली दिवाली और दशहरा सब मिलकर यहां मनाये हम, पर सरहद पर खड़े हुए जो उनको ना बिसराएं हम सुनाई। कार्यक्रम को कवि शुभम रघुवंशी, प्रगति यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा सभी कवियों का शाल और श्रीफल से सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# विहिप गौरक्षा विभाग की विचार गोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिंदू परिषद व देशी गौवंश संरक्षण संवर्धन न्यास गौ रक्षा विभाग एवं दयोदय पशु सेवा सदन गौशाला द्वारा नगर के मील रोड़ स्थित महावीर विहार में विराजमान निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ससंघ की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद क्षेत्र गौरक्षा प्रमुख सोहन सिंह विश्वकर्मा एवं देशी गौवंश संरक्षण संवर्धन न्यास ट्रस्ट के सदस्य शिशुपाल सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुनिश्री ने अपनी देशना में कहा कि हमारे आचार्य विद्यासागर महाराज ने जीवदया के क्षेत्र में हमेशा अकल्पनीय कार्य किए हैं। हम सभी उन कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर उपस्थित जन समुदाय को संकल्प दिलाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक ना इस्तेमाल करते हुए कपड़े से बने थैले इस्तेमाल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर क्षेत्र गौरक्षा प्रमुख सोहन सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि आज हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करके कहीं ना कहीं हम गोवंश की हत्या के दोषी और पर्यावरण के विरोधी बन रहे हैं। विहिप गौरक्षा विभाग संपूर्ण प्रांत में अभियान चलाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन विभाग सह मंत्री संदीप नेमा ने किया। कार्यक्रम एवं बैठक में नगर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमे पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राकेश जादौन, दयोदय गौशाला अध्यक्ष आनन्द मोदी, अशोक जैन, जिला गौ रक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, नीरज दिलेरिया, अनिल कटियार, बलवीर गुर्जर, लालता प्रसाद शर्मा, विपिन देव, श्याम रघुवंशी, भजन प्रजापति, शिवम रघुवंशी, राजा ठाकुर, हेमंत पंथी, पुष्पराज दांगी, आकाश रघुवंशी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### झुग्गी बस्तियों में निवासरत बच्चों का किया गया सर्वे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर झुग्गी बस्तियों में निवासरत बच्चों का सर्वे किया गया। जिसमें डिप्टी कलेक्टर अमन मिश्रा, महिला बाल विकास के जिला कार्यकम अधिकारी भरत सिंह राजपूत, सामाजिक न्याय के संयुक्त संचालक डी. एस. यादव, लेवर इस्पेक्टर पी. के. जैन, बी.आर.सी. अनिरूद्ध डिम्हा, एवं विभागीय टीम द्वारा झुग्गी बस्तियों का सर्वे करते हुए 49 बच्चे चिन्हित किये गये। चिन्हित बच्चों में से 0 से 6 आयु वर्ग के कुल 21 बच्चे पाये गये जिनका आंगनवाड़ी केन्द्र कंमाक 8 एवं 6 सिविल लाईन मे दाखिला करवाया गया। जिन्हे नियमित टी.एच.आर. एवं भोजन दिया जा रहा है साथ ही उक्त बच्चों का नियमित फॉलो अप किया जा रहा है शेष 6 वर्ष से अधिक आयु के शाला त्यागी बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा नियमित भ्रमण कर सड़क पर रहने वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित एवं पुनर्वास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश पर आंगनबाड़ियों का किया जा रहा निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को लगातार सक्रीय रूप से कार्य करने एवं अनुपस्थित और लापरवाह शासकीय सेवकों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। इसी परिपेक्ष्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत द्वारा परियोजना देवरी के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कटंगी बंद पाया गया कार्यकर्ता सूरज लोधी अनुपस्थित पाई गई, आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय दिशा निर्देशों के अनुरूप स्थल पर संचालित होता नहीं पाया गया केंद्र की साफ सफाई आने जाने का मार्ग चाइल्ड फ्रेंडली नही था।

## न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरणों में हुआ राजीनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का .आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्याअर्पण कर किया गया।

इस नेशनल लोक अदालत में ना हरे ना तुम जीते की तर्ज पर प्रकरणों का राजनामी के आधार पर निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे के न्यायालय में विद्युत मंडल के शहरी एवं ग्रामीण 115 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें विद्युत विभाग को लगभग 16 लाख की आमदनी हुई एवं चार अपराधिक मामले राजीनामें के आधार पर निराकृत किए गए। जिसमें पीड़ित पक्ष को आठ लाख रुपए दिलाए गए। वही सिविल के तीन मामले जिसमें 3010000 पक्षकारों को दिलाया गए। बैंक रिकवरी के आठ मामले निराकृत किए गए एवं नगर पालिका परिषद सिरोंज के 195 मामलों में संपत्तिकर जलकर की राशि वसूल की गई। जिसमें नगर पालिका परिषद सिरोंज को 2510250 की आमदनी हुई। न्यायालय अधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री अंकिता जैन ने चेक बाउंस पति-पत्नी के भरण पोषण संबंधी कुल 27 मामले में राजीनामी के आधार पर निराकृत किए गए। न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला के न्यायालय में 14 अपराधिक चार भरण पोषण 13 चेक बाउंस के मामलों का निराकरण राजीनामे के आधार पर किया गया। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामे के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया गया। वही निशुल्क आवेदन प्रस्तुत किए गए और पीड़ति पक्षकारों को कोर्ट फीस एवं अन्य मुआवजा दिलाई गए। साथ ही बरसों से चल रहे हैं मामलों का इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में सभी विभागों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए थे। सबसे ज्यादा परेशानी विद्युत विभाग के प्रकरणों में हुई पीड़ति विद्युत उपभोक्ताओं का कहना था कि हमारे ऊपर झूठ प्रकरण बनाए गए और हमसे अवैध वसूली की जा रही है। किंतु हम मजबूर हैं इसलिए विद्युत मंडल का पैसा जमा कर रहे हैं।



## शालेय प्रतियोगिता में बनाई जगह

# आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 8 से 12 सितंबर तक सागर में 69 वी राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के दो खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग की टीम से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों ने ही स्वर्ण पदक जीते और राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की स्कूल टीम में अपनी जगह बनाई। तो वही स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाडियो में 14 वर्ष बालक वर्ग में समर्थ दिनकर ने खेलते हुए और फाइनल में ग्वालियर के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता नागालैंड के लिए क्वालीफाई किया। इसी तरह 17 वर्ष बालिका वर्ग में विधि कुशवाह ने भोपाल संभाग टीम से खेलते हुए और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में सागर की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता अरुणाचल प्रदेश के लिए क्वालीफाई किया। अब दोनों खिलाड़ी अक्टूबर माह में राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

## प्रारंभिक बाल विकास एवं देखभाल विषय पर प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

संगत संस्था द्वारा विकासखंड सिरोंज के जनपद पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहारा परियोजना के तहत लालन पालन कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को एक दिवसीय प्रारंभिक बाल विकास एवं देखभाल विषय पर डिजिटली विडियोज प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य शिशु के प्रारंभिक बाल विकास पर कार्य करना है और शिशु की सही देखभाल सुनिश्चित करना है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा देवपुर व चितावर मंडल की बैठक आयोजित



**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्यों और कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तय करने हेतु भाजपा देवपुर एवं चितावर मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और भारतीय जनता पार्टी अपने सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। सेवा पखवाड़े के दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता को समाजहित और जनसेवा की भावना से जुड़कर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जनजागरण, पोषण अभियान, गौ-सेवा, गरीब और असहाय लोगों की सहायता सहित कई जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी गतिविधियों में मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा मंडल देवपुर एवं चितावर के मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चरण सिंह राजपूत,जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदि रहे मौजूद।

## आईजा महिला विंग प्रदेश सरंक्षक मीना व भोपाल संभाग अध्यक्ष बनी मंजू जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग की प्रदेश कार्यकारणी का गठन करते हुए श्रीमति डॉ मीना विनीत सिंघवी को आईजा महिला विंग का प्रदेश संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेविका मंजू जैन को भोपाल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तो वही वरिष्ठ पत्रकार अंकित जैन, किरण रांका, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जावर कमल पहलवान, अंकित बोहरा, रीना आदि ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं की।

आईजा महिला विंग की प्रदेश संरक्षक डॉ मीना सिंघवी ने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य गुरुवर निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारो के महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का महाकुम्भ उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेविका मंजू जैन ने कहा कि ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी के नेतृत्व में आईजा महिला विंग का प्रदेश के प्रत्येक जिले व तहसीलो में महिला पत्रकारो को जोडकर आने वाले कुछ ही समय में महिला पत्रकारो का एक बडा महाकुम्भ तैयार किया जाएगा। साथ ही पत्रकारों की विभिन्न समस्याओ को शासन प्रशासन के समक्ष रखकर उनका समाधान कराने का प्रयास आईजा द्वारा किया जाएगा।

## नागरिक सहकारी बैंक ने 12.34 लाख रु. का लाभ अर्जित किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा की 23 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं ज्योति प्रज्वलित बैंक अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र यादव संचालक उपाध्यक्ष सतोष शर्मा, रजनी जगदीश चंद राठी, सचालक साधना अमित जैन, रितु आलोक जैन, विनिता विक्रम सिंह राजपूत, राजनारायण यादव, ज्ञान सिंह दांगी आदि मौजूद रहे। सरस्वती पूजन उपरांत सरस्वती वंदना बहिन सुनयना, वंशिता, भैया मृदुल जैन द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात अध्यक्ष एवं संचालक मंडल का स्वागत बैंक के कर्मचारियों द्वारा किया गया। बैंक अध्यक्ष अवधेश महेन्द्र यादव ने सभा को संबोधित करते हुए सदस्यों को बैंक की प्रगति से अवगत कराया। अपने प्रतिवेदन में उन्होंने बताया कि नागरिक बैंक द्वारा एटीएम, पॉस, मोबाईल एप, एसएम एस अलर्ट, आरटीजी एस एवं एनई एफटी, आईएमपीएस, यूपी आई की सुविधा प्रदान की जा रही है। अब बैंक द्वारा क्यू आर कोड योजना भी प्रारभ कर दी गई है जो कि व्यापारियों के लिए बहुत उपयोगी है। बैंक इस वर्ष रू. 12.34 लाख के लाभ में रही है। सहकारिता विभाग द्वारा बैंक को ए ग्रेड प्रदान की गई है। इसके बाद बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेन्द्र राव भोसले द्वारा विषयवार स्थिति सभा के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा सभा द्वारा प्रत्येक विषय पर अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गई। अंत में उपाध्यक्ष संतोष शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभा का संचालन अजय यादव द्वारा किया गया।

## परियोजना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना लटेरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी के तहत लटेरी परियोजना क्षेत्र में शनिवार को आयोजित हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढा ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। लटेरी परियोजना अधिकारी प्रतिभा सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिलाओं के प्रमुख अधिकारों की जानकारी सांझा की।

विभाग के मुकेश ताम्रकार द्वारा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, साइबर सुरक्षा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम एवं वन स्टाफ सेंटर से महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कालोदिया तिर्की पर्यवेक्षक द्वारा केंद्र एवं राज्य स्तर पर संचालित विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। गुलाब कुशवाहा द्वारा बाल विवाह रोकथाम पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई । भगवती पंथी पर्यवेक्षक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बालिका शिक्षा के बारे में विचार व्यक्त किए गए। महिला बाल विकास विभाग से राजीव कौल द्वारा मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना की जानकारी देकर महिलाओं को जागरुक किया गया।

## आशीष बने शमशाबाद लायंस क्लब के अध्यक्ष




**शमशाबाद।** लायंस क्लब शमशाबाद के नवीन सत्र का संस्थापक समारोह ईडन गार्डन में धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी एमजेएफ लायन अतुल रतन सी. शाह, विशेष अतिथि लायन इंजीनियर सी.एल. गोयल, लायन सुजाता गौरव जैन, लायन अशोक कोठारी एवं डॉ. रवि उपाध्याय की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशीष सक्सेना को अध्यक्ष, अभिषेक जैन को सचिव, चेतन बंसल को कोषाध्यक्ष तथा जगदीश मोदी को प्रथम उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अतुल रतन सी. शाह ने कहा कि लायंस क्लब निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करता आ रहा है। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम में डॉ. अजीज खान, डॉ. पी.डी. महेश्वरी, गजेन्द्र यादव, राशिद खान, दीपक सोनी, संजय चौकसे, सचिन साहू, किशन सिंह राजपूत, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कामकाजी बैठक में विधायक ने दिए सेवा पखवाड़ा मनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़



हैदरगढ़ के समीप मृगन्नाथ धाम पर भाजपा की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जाए।

विधायक रघुवंशी ने विशेष रूप से बूथ स्तर पर जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम, जिसका प्रसारण हर महीने के अंतिम रविवार को होता है, प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं और आमजन को सुनना चाहिए। इसके साथ ही सभी बूथ अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम सुनने के बाद उसकी फोटो और वीडियो संगठन एप पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से संगठन और समाज को नई ऊर्जा मिलती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। बैठक में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, राज्य मंत्री दर्ज प्राप्त विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा, गंजबासोदा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बासौदा और ग्यारसपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने, सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में सैकड़ों की संख्या में भाजपा के मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पैरवारा**
**जिला - विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक: 3651 दिनाँक 22.07.1967 — दिनाँक 12/09/2024

-: वार्षिक आमसभा सूचना :-

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पैरवारा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसमा दिन मंगलवार दिनॉक 30 सितम्बर 2025 को समय दोपहर 2:00 बजे स्थान समिति कार्यालय पैरवारा पर आयोजित की जाएगी। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।

आनंद दुबे, समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहिरवाल, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित्त (B-PACS) गढला**
**शाखा देवखजूरी जिला विदिशा**

क्रमांक/आमसभा/क्यू/2024-25 दिनांक 01/09/2025

वार्षिक आमसभा सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (B-PACS) गढला के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 62 वी वार्षिक आमसभा दिन मंगलवार 23 सितम्बर 2025 को 11:00 बजे स्थान समिति कार्यालय कागपुर मे आयोजित की गई हैं गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी! जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

श्री कमलेश तिवारी, समिति प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गढला — श्री किशोर कुमार अहिरवाल, प्रसाशक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गढला

## भाजपा मंडलों की कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शनिवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा दुर्गा नगर मंडल, बेस नगर मंडल, वेत्रवती नगर मंडल ढोलखेड़ी मंडल की कामकाजी बैठक हुई।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधायक मुकेश टंडन ने व मंडल अध्यक्षों ने किया। मंडलों की कामकाजी बैठक में आगामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिले मंडल व प्रकोष्ठों द्वारा रक्तदान शिविर, पौधरोपण, मैराथन दौड़, मन की बात सहित कई कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई इसी के साथ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जो की 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से 25 दिसंबर पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती तक चलाया जाएगा जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के प्रति लोगों में जन जागरण प्रचार प्रसार और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे बैठक को विधायक मुकेश टंडन दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा वेत्रवती के मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री ने संबोधित किया। बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष निरपत सिंह कुशवाह, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, ढ़ोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे, मंजरी जैन रागिनी शर्मा, अनपूर्णा सक्सेना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाह ने किया एवं आभार व्यक्त ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे ने किया। यह जानकारी दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने दी है।

### इधर पुलिस ने जोड़े मन के तार

**विदिशा।** 10 सितंबर को रानी पति खिलानसिंह केवट उम्र 24 वर्ष निवासी कस्बाखेड़ी अपने परिजन के साथ थाना नटेरन पहुंची। रानी ने थाना प्रभारी को बताया गया कि उसकी शादी 4 साल पहले खिलानसिंह केवट के साथ हुई। विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद चल रहा था। रानी ने बताया कि पति उसे साथ रखने से इंकार कर रहा है और कहता है कि यह विवाह उसकी इच्छा के विरुद्ध हुआ था। नटेरन पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। खिलानसिंह ने स्वीकार किया कि परिवार के दबाव में विवाह किया गया था, इसलिए वह पत्नी को साथ रखने से बच रहा था।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंधर**
**जिला - विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक: 456 दिनाँक 10.12.92 — दिनाँक 12/09/2024

-: वार्षिक आमसभा सूचना :-

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंधर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसमा दिन शुक्रवार दिनॉक 26 सितम्बर 2025 को समय दोपहर 1:00 बजे स्थान समिति कार्यालय सौंधर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।

मदन सिंह ठाकुर, समिति प्रबंधक — के.सी.यादव, प्रशासक

## सरकार हो रही राजस्व की क्षति, जिम्मेदार अधिकारी कर रहे अनदेखा

# रीयल एस्टेट में बन गईं अवैध कॉलोनियां 'काला धन' खपाने का सबसे बड़ा जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल तेजी से फैल रहा है। लंबे अरसे से यह गोरखधंधा कालोनाइजरों उप पंजीयक विभाग जिला पंजीयक कार्यालय के अधिकारियों और रजिस्ट्री कर्ताओं की मिलीभगत से चल रहा है।

जिले में हर दिन प्लाटों की खरीदारी कम दामों में हो रही है। भूखंडों की खरीद फरोख्त में सरकारी नुकसान पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और सभी सौदों को वास्तविक कीमत पर पंजीकृत कराना चाहिए। इससे न केवल काले धन पर रोक लगेगी, बल्कि सरकार को करोड़ों रुपए का अतिरिक्त राजस्व भी मिलेगा। इस संबंध में जिला पंजीयक रजनेश सोलंकी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### कालोनाइजरों और शासन को हो रहा फायदा

खरीदार व विक्रेता कागजों में आधी कीमत पर सौदा कराते हैं, तो टैक्स चोरी से लाखों बचते हैं। वो ऐसे कि 1000 वर्ग फीट के भूखंड की अगर असल डील 60 लाख में हुई, पर कागजों में 30 लाख दर्शाए, तो आधी रकम काले धन के रूप में खपती है।





### रायसेन शहर में एरिया बाइज रेट

| | आवासीय रेट | कमर्शियल |
|---|---|---|
| गोपालपुर तक | 5000 | 10,000 |
| महू पथरई रोड़ | 3500 | 7000 |
| रायसेन से पाटनदेव | 65000 | 13300 |

### शहर के भीतर मुख्य क्षेत्रों में जमीनों के दाम

रायसेन नगर के भीतर भोपाल रायसेन बाईपास पर जमीनों के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है। एक करोड़ 10 लाख रुपए प्रति एकड़ जमीनों के दाम हो चुके हैं। इसके अलावा रायसेन भोपाल सागर स्टेट हाईवे पर एक करोड़ 15 लाख रुपए प्रति हेक्टर जमीनों के भाव है। वही सांची रोड पर एक करोड़ 20 से 25 लाख रुपए प्रति एकड़ जमीनों के दाम बढ़ चुके हैं।

### ये हो रहा नुकसान...

यदि कहीं 6000 रुपए प्रति वर्गफीट पर 1000 वर्गफीट भूखंड का सौदा हुआ, तो असली कीमत 60 लाख हुई, पर कागजों में 30 लाख दर्शाने से सरकार को स्टांप व रजिस्ट्री शुल्क में सीधा 3.15 लाख का नुकसान होता है।

शहर में रीयल एस्टेट कारोबार काले धन को खपाने और टैक्स चोरी का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। जमीनों की खरीदी बिक्री में सबसे ज्यादा लेनदेन बिना हिसाब किताब के हो रहे हैं। कॉलोनाइजर से लेकर प्रॉपर्टी डीलर तहसीलदार पटवारी गिरदावल तक इस खेल में सक्रिय हैं। हर साल करोड़ों रुपए की जमीन खरीदी-बिक्री होती है, लेकिन स्टांप और पंजीयन शुल्क बचाने के लिए आधी से भी कम कीमत रजिस्ट्री में दर्शाई जाती है। शेष रकम नकद में लेकर काले धन के रूप में अन्य कारोबारों में लगा दी जाती है।

### बिना अनुमोदन कॉलोनियां काट रहे कॉलोनाइजर

*सूत्रों के अनुसार रायसेन शहर समेत जिले की तहसीलों और कस्बों में कई कॉलोनाइजर बिना अनुमोदन के कॉलोनियां काटकर ऊंचे दामों में प्लॉट बेच रहे हैं। प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे शासन को स्टांप ड्यूटी में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कलेक्टर की गाइडलाइन के अनुसार जमीन कहीं ज्यादा दामों की बिकती हैं और कागजों में उसे कम दामों में दर्शा दिया जाता है। यह खेल जिला पंजीयक से लेकर उप पंजीयक से लेकर पटवारी गिरदावल ,तहसीलदार और कॉलोनाइजरों की मिलीभगत से चल रहा है। कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक रेट 17600 प्रति वर्गमीटर है। लेकिन असली सौदे 15000 से 20000 रुपये प्रति वर्गमीटर तक होते हैं। इधर कलेक्टर रेट या उससे कम दर्ज होती है, बाकी लेनदेन नकद होता है।*

### शिकंजा कसा जाएगा

अवैध कालोनियों और कालोनाइजरों पर शिकंजा कसा जाएगा। नपा परिषद रायसेन सीमा क्षेत्र की 57 अवैध से वैध होने की फाइलों को जिम्मेदार अधिकारियों से इसे पूर्ण करवा लिया जाएगा।

**मनीष शर्मा**, एसडीएम रायसेन।

---

## पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चार को किया गिरफ्तार

# नर्मदा किनारे ग्राम सर्रा में राजपूत दलित परिवार के बीच हुआ विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र के नर्मदा किनारे बसे ग्राम सर्रा में बाइक चलाने को लेकर दलित और राजपूत परिवारों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने घटना के बाद शुक्रवार को की गई रिर्पोट पर विभिन्न धाराओं बीएनएस एवं एससी एसटी एक्ट की धाराओं का प्रकरण दर्ज कर चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न ग्रामों से एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार जयपाल उइके को ज्ञापन सौंपा।

### प्रकरण दर्ज, 4 गिरफ्तार

ग्राम सर्रा निवासी दलित परिवार के लोग बाइक से ग्राम में जा रहे थे। सडक़ पर युवक खडे थे, बाइक के कट मारने पर विवाद और मारपीट की घटना 12 सितम्बर को हुई। दलित परिवार ने थाने पहुंच कर रिर्पोट दर्ज कराई तो पुलिस ने 4 राजपूत लोगो के विरूद्ध 246, 351, 125 बीएनएस की धारा 315 एवं एससीएसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया।

सुरक्षा की मांग सौंपा ज्ञापन - शनिवार 13 सितम्बर को ग्राम सर्रा में हुई घटना को लेकर विभिन्न ग्रामों से दलित समाज के लोग एकत्रित हुए। तहसील में जमकर नारेबाजी की और रिर्पोट कर्ता परिवार को धमकियां देने वालों से सुरक्षा देने की मांग करते हुए नायब तहसीलदार जयपाल उइके को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंप कर प्रभावी कार्यवाही की मांग की।

ग्राम सर्रा में हुई घटना पर विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को नायब तहसीलदार एवं थाने में ज्ञापन सौंपा गया है। उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

**कपिल गुप्ता, थाना प्रभारी बरेली**

---

बाड़ी, बरेली में कुल आठ बने धान खरीदी केन्द्र

# समर्थन मूल्य पर धान बेंचने 15 सितंबर से होगी पंजीयन की शुरूआत

**बरेली।** बाड़ी बरेली तहसीलों के ग्रामों में बासमती एवं गैर बाासमती धान की व्यापक स्तर पर खेती हो रही है। खरीफ चालू वर्ष 2025-26 में जारी की गई समर्थन मूल्य खरीदी की सूची में बाड़ी में 4 एवं बरेली में 3 वही उदयपुरा में एक, देवरी में एक खरीदी केन्द्र बनाया गया है। कम संख्या में धान खरीदी केन्द्र बनाना किसानों में चर्चा का विषय बन रहा है। 15 सितम्बर से समर्थन मूल्य पर पंजीयन की शुरूआत होगी और 10 अक्टूबर तक किसान धान बैंचने पंजीयन करा सकेंगे। बाड़ी, बरेली, उदयपुरा क्षेत्र में बारना बांध की नहरें फैली हुई है। हजारों किसान द्वारा धान की खेती की जा रही है। बासमती धान की फसलों में रोग एवं पानी अधिक लगने, लागत बढऩे और दाम कम मिलने के कारण मोह भंग हो रहा है। इसी कारण इस वर्ष क्षेत्र में गैर बासमती धान का रकबा बढा है। गैर बासमती धान में रोग कम लगने से प्रति एकड लागत कम आने के साथ पानी भी कम लगता है। समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा मोटी किस्म की धान पैदा कर बैंची जाती है। बरेली तहसील में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के मात्र 4 केन्द्र बनाये गए है। सेवा सह. समिति धोखेड़ा, सेवा सहकारी समिति पांजरा काशीराम, एवं वृहताकार सेवा सहकारी समिति कामतौन, सहकारी संस्था खरगोन को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। जबकि बाडी तहसील में 4 केन्द्र बनाये गए है। कृषक सेवा सह. समिति बाड़ी, कृषक सेवा सहकारी समिति गूगलवाडा, सेवा सहकारी समिति कन्हवार और देहरी कलां को केन्द्र बनाया गया है। उदयपुरा में सहकारी समिति बौरास एवं देवरी में सेवा सहकारी समिति देवरी को खरीदी केन्द्र बनाया गया है।

---

## सड़कों पर डंपरों की चपेट में आ रहे मवेशी, जिम्मेदार अधिकारी कब देंगे ध्यान...?

# मवेशियों में फैला लम्पी वायरस रोग, जानवर हो रहे कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं क्षेत्र के मवेशियों में लम्पी वायरस बीमारी तेजी से बढ़ रही है। लम्पी वायरस से बीमार पशु अत्याधिक कमजोर हो रहे है। फोरलेन-45 एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर डेरा जमाये रहने वाली मवेशी वाहनों की चपेट में आकर घायल और मौते हो रही है। इसका एक कारण आवारा मवेशियों में लम्पी वायरस बीमारी होना भी माना जा रहा है।

**सड़कों पर मवेशियों का डेरा:** बाड़ी से बरेली, खरगोन, उदयपुरा, देवरी तक फोरलेन-45 पर स्थान-स्थान पर मवेशियों का डेरा जमावडा दिन रात लगा रहता है। सबसे बडी बात तो यह है कि पारतलाई टोल प्लाजा के दौनों ओर मुख्य मार्ग पर मवेशी बने रहते है। जबकि फोरलेन-45 एवं अन्य प्रमुख मार्गो से मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी ग्रापं. नगरीय निकायों, पशु चिकित्सा विभाग एवं टोल प्लाजा वालों को सौंपी गई है। परंतु मवेशियों को हटाने के प्रति बनी उदासीनता से मवेशियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।



**डम्फरों ने मवेशियों को रौंधा** - फोरलेन 45 पर रेत से भरे डम्फर दौडना शुरू हो गए है। इसी के साथ तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में मवेशी आने से प्रतिदिन उनकी मौते हो रही है। तेज रफ्तार वाहन मवेशी के पास आये और मवेशी बीमार, लम्पी वायरस से कमजोर होने के कारण उठ नही पाती और वाहनों की चपेट में आने से मर या घायल हो जाती है। टीम पहल के गौ सेवकों द्वारा बीमार घायल मवेशियों का उपचार और सेवा की जा रही है।

**वृहद टीकाकरण जरूरी** - पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पालतु या गौशालाओं की मवेशियों का लम्पी वायरस बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। आवारा छुट्टा मवेशियों का टीकाकरण न होना उनमें बीमारी तेजी से फेल रही है। लम्पी वायरस से बीमार पशु खाना पीना छोड देता है। जिससे अत्याधिक कमजोर हो जाता है।

---

### पीएससी में हुआ चयन सपना बनीं लेखापाल



**सिलवानी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में तहसील सिलवानी अंतर्गत ग्राम मढिया निवासी पटेल देवी सिंह रघुवंशी की पुत्री सपना रघुवंशी का चयन वित्तीय विभाग में लेखापाल पद के लिए हुआ है। सपना अब प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी। सपना की इस उपलब्धि पर गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह सफलता आने वाली प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

---

# जर्जर पुरानी कलेक्ट्रेट भवन को किया जमींदोज

◆ **खतरा:** जर्जर हो चुके भवन के पास में ही मौजूद है स्कूल, विद्यार्थियों पर रहता था खतरा

◆ **कार्रवाई:** नपा सीएमओ की मौजूदगी में नगर पालिका ने जेसीबी से गिराया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को नगर पालिका की जेसीबी पुराने कलेक्ट्रेट भवन पर चली। जो कि कई सालों से जर्जर अवस्था में खड़ा हुआ था, जिससे रहवासियों एवं स्कूली बच्चों को संकट मंडराता रहता था।

नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव ने दल बल एवं जेसीबी के साथ पहुंचकर वार्ड 6 गवोईपुरा में स्थित पुरानी कलेक्ट्रेट के जर्जर भवन को गिरा दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहले सड़क के दोनों तरफ बैरिकेड्स लगाए गए। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से भवन को गिराया गया।

सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि इससे पहले वार्ड 2 में भी एक जर्जर मकान को गिराया गया था। उन्होंने कहा कि शहर में मौजूद अन्य खंडहर भवनों को भी लोगों की सुरक्षा के लिए गिराया जाएगा।

नगर पालिका ने यह कार्रवाई उन जर्जर भवनों के खिलाफ की, जिन्हें पहले नोटिस चस्पा किए गए थे। स्थानीय लोगों की मांग पर यह कदम उठाया गया, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।



---

# पुलिस ने चालानी कार्रवाई में तीन कार व 9 बाइकों के बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दीवानगंज पुलिस चौकी के सामने पुलिस ने बाइक और फोर व्हीलर पर चालानी कार्रवाई की। चालानी कार्रवाई से हाईवे 18 पर हड़कम मचा हुआ है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 दिन में 9 बाइक चालक से 2700 रुपए और 3 फोर व्हीलर चालक से 1500 रुपए सहित कुल समन शुल्क 4200 रुपए वसूल किए गए हैं।

सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए रायसेन पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे रायसेन जिले में विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार सभी थाना क्षेत्र में 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चालानी कार्रवाई में दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, दिलीप यादव, संदीप सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



---

# हिन्दू संगठन की पहल: सड़क हादसों से गायों को बचाने पहनाई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पहल की शुरुआत की गई है। हिंदू युवा संगठन ने शुक्रवार की रात में सड़क पर बैठने वाली गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने का अभियान शुरू किया है।

अभियान की शुरुआत सागर तिराहे से पठारी तक के मार्ग पर की गई। पहले दिन एसडीएम मनीष शर्मा ने स्वयं गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर अभियान में सहयोग किया। एसडीएम ने कहा यह पहल सड़क सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। रेडियम बेल्ट से गायें रात में दूर से ही वाहन चालकों को दिखाई देंगी।

संगठन के बृजेश चावला ने बताया कि पहले दिन लगभग 100 गायों को रेडियम बेल्ट पहनाई गई।



संगठन ने 150 बेल्ट मंगवाई हैं, जिन्हें शहर और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर बैठने वाली गायों के गले में लगाया जाएगा। यह अभियान 8 दिन तक चलेगा।

कार्यक्रम में तहसीलदार भरत मंड्रे, हिंदू युवा संगठन प्रमुख दीपक ठाकुर, शुभम बेदी, सौरभ जाट, धर्मेंद्र ठाकुर, आकाश लोधी, शुभम शर्मा, केशव ठाकुर सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोककर गायों और लोगों की जान बचाना है।

---

## शासकीय कॉलेज में विश्व साक्षरता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

# डिजिटल युग में साक्षरता का नया स्वरूप भी समझना जरूरी: डॉ ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शनिवार को शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य मनोहर लाल पंथी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाष ठाकुर द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने वक्तव्य में साक्षरता के पारंपरिक और आधुनिक आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

डॉ. ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में साक्षरता केवल पढ़न-लिखना भर नहीं है। यह एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को जागरूक, स्वावलंबी और डिजिटल रूप से सक्षम बनाता है। अक्षर ज्ञान के साथ-साथ आज डिजिटल साक्षरता, सूचना साक्षरता और वित्तीय साक्षरता भी अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने युवाओं को नई शिक्षा नीति, तकनीकी शिक्षा और ई-लर्निंग के माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करने की प्रेरणा दी।




इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रामानुज रघुवंशी ने साक्षरता के मूल रूप अक्षर ज्ञान की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए कहा अक्षर ज्ञान न केवल व्यक्ति को पढ़ना-लिखना सिखाता है, बल्कि यह उसे चिंतनशील, संवादशील और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाता है। साक्षरता समाज के बौद्धिक और नैतिक उत्थान की नींव है।

कार्यक्रम में राघवेंद्र राजपूत ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने की शुरुआत साक्षरता से होती है। जब व्यक्ति शिक्षित होता है, तभी वह अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग हो पाता है।

### सभी ने साक्षरता के व्यापक रूप को अपनाने दिया बल

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा, डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. मृदुल सेन, डॉ. स्मिता चौरसिया सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से साक्षरता के व्यापक स्वरूप को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष तकनीकी सहयोग राहुल साहू द्वारा प्रदान किया गया, जिनके सहयोग से ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन और डिजिटल माध्यमों के जरिये संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।